**प्रेस नोट**

**दिनांक 29.05.2025**

## थाना मौदहा पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार।

आज दिनांक 29.05.2025 को थाना मौदहा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मदारपुर मोड़ पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। प्रातः लगभग 3:45 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति ग्राम मदारपुर की ओर से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर खेतों की ओर भागने लगा। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर उक्त व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम के आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के बाएं पैर के घुटने में गोली लगी। उसे मौके पर ही घेरकर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरमान लाल पुत्र गयासुद्दीन निवासी ग्राम नारायच, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर (उम्र लगभग 26 वर्ष) बताया। मौके से आरोपी के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा 02 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद खोखा  कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। पुलिस मुठभेड़ के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

अरमान लाल पुत्र गयासुद्दीन निवासी ग्राम नारायच, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर (उम्र लगभग 26 वर्ष)।

**बरामदगी**

01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा 02 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद खोखा  कारतूस 315 बोर बरामद।

**गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्र0नि0 उमेश कुमार सिंह
2.उ0नि0 अभिषेक त्रिवेदी
3. उ0नि0दीपक कुमार
4. का0 विनोद कुमार
5. का0 रंजीत कुमार
6. का0 कन्हैया
7. का0 आसिक शेख
8. का0 विजय प्रताप

